卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 240 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦ 6 जून 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## किसानों की समृद्धि सरकार की प्राथमिकता: धामी

### अल्मोड़ा में मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत, खेत बचाओ कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती और जल संरक्षण पर दिया जोर



अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में चल रहा खेत बचाओ आंदोलन अब एक व्यापक जन आंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुका है। लाखों किसान मिट्टी, जल स्रोतों और पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आ रहे हैं, जो राज्य के भविष्य के लिए एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि किसान केवल अन्न उत्पादन करने वाला वर्ग नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। किसानों की समृद्धि और उनकी आय में वृद्धि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। अल्मोड़ा में आयोजित खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि वर्तमान समय में मिट्टी की उर्वरा शक्ति में लगातार कमी आना गंभीर चिंता का विषय है। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, जिसका असर कृषि उत्पादन और पर्यावरण दोनों पर पड़ रहा है। उन्होंने किसानों से अपने खेतों की मिट्टी का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने का आह्वान करते हुए कहा कि मिट्टी की वास्तविक स्थिति जानकर ही उसके अनुरूप खेती की जा सकती है। उन्होंने प्राकृतिक और परंपरागत खेती को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि धरती मां के स्वास्थ्य की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का प्रभाव अब केवल वैज्ञानिक शोध का विषय नहीं रह गया है, बल्कि इसका असर आम लोगों के जीवन और कृषि व्यवस्था पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। मौसम चक्र में लगातार बदलाव आ रहा है, समय पर वर्षा नहीं हो रही है, ओलावृष्टि और प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में जल स्रोतों का संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। कोसी नदी सहित अनेक पारंपरिक जल स्रोतों में जल स्तर घटने पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने गाड़-गधेरों, नौलों, धारों और अन्य पारंपरिक (शेष पृष्ठ सात पर)

## अमेजन गोदाम में भीषण आग,दो कर्मचारियों की मौत

### रामपुर रोड स्थित गोदाम में देर रात मचा हड़कंप, घंटों की मशक्कत के बाद पाया गया आग पर काबू



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रामपुर रोड स्थित अमेजन के गोदाम में शुक्रवार देर रात लगी भीषण आग ने दो लोगों की जान ले ली। आग इतनी विकराल थी कि कुछ ही देर में गोदाम का बड़ा हिस्सा उसकी चपेट में आ गया और पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं तथा घंटों तक चले राहत एवं बचाव अभियान के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक गोदाम में कार्यरत दो कर्मचारियों की दर्दनाक मौत हो चुकी थी। पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात करीब 11:50 बजे डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि रामपुर रोड पर शीतल होटल के सामने स्थित अमेजन के गोदाम में अचानक आग लग गई है। सूचना मिलते ही थाना हल्द्वानी पुलिस और अग्निशमन विभाग की कई गाड़ियां मौके पर रवाना की गईं। आग की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारी भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी मनोज कत्याल और प्रभारी निरीक्षक विजय मेहता ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों की कमान संभाली। उस समय तक आग तेजी से फैल चुकी थी और गोदाम के भीतर रखा सामान धू धू कर जल रहा था। अग्निशमन कर्मियों और पुलिस टीम ने जोखिम उठाते हुए संयुक्त रूप से अभियान चलाया (शेष पृष्ठ सात पर)

## पुलिस लाइन में खड़े वाहनों में लगी आग,दर्जनों वाहन राख



रुद्रपुर। पुलिस लाइन परिसर में शनिवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब वहां खड़े जब्त दोपहिया और चारपहिया वाहनों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास खड़े कई वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास मौजूद पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए और बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। इसी बीच सूचना पर रुद्रपुर फायर स्टेशन से दो दमकल वाहन तथा पंतनगर फायर स्टेशन से एक वाहन मौके पर (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवाओं को सनातन परंपरा से जोड़ना लक्ष्य: तोगड़िया



किच्छा। आज की युवा पीढ़ी को नशे से बचाकर सनातन परंपरा से जोड़ना अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और बजरंग दल का मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए संगठन हर शनिवार तथा मंगलवार को हनुमान चालीसा का विधिवत पाठ आयोजित करता है तथा युवाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जगह-जगह वैलनेस सेंटर स्थापित कर रहा है। यह बात अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक अध्यक्ष श्री प्रवीण तोगड़िया ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही उन्होंने कहा कि देश भर में 100000 हनुमान चालीसा सेंटर स्थापित करना तथा युवा पीढ़ी को नशे से बचाना हम सबका नैतिक कर्तव्य है क्योंकि युवा ही किसी भी देश के बेहतर भविष्य के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। श्री तोगड़िया ने युवा वर्ग का आवाहन करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा युवा अपनी संस्कृति और सनातन धर्म से जुड़े। सनातन धर्म ही जीने की सही राह दिखाता है। श्री तोगड़िया आज मदन मोहन शर्मा के बंदिया भट्टा स्थित निवास पर अल्प समय के लिए आए हुए थे। गाय को मुसलमानों द्वारा राष्ट्रीय पशु घोषित करने के सवाल पर श्री तोगड़िया ने कहा कि हमें मुसलमान के किसी सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है हम गौ माता की रक्षा स्वयं कर सकते हैं और उसके लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर बहन (शेष पृष्ठ सात पर)

## तराई भावर के साथ अन्याय कर रही भाजपा: रावत

### नजूल, श्रमिकों और किसानों के मुद्दों पर भाजपा सरकार को घेरा



रुद्रपुर। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने शनिवार को सिटी क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्र और प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पूर्व सैनिकों, अग्निवीर योजना, नजूल भूमि, श्रमिकों, किसानों तथा बंगाली समाज से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए भाजपा सरकार पर जनता के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। हरीश रावत ने कहा कि पूर्व सैनिक लंबे समय से वन रैंक-वन पेंशन की विसंगतियों को लेकर आवाज उठा रहे हैं। कांग्रेस का स्पष्ट वादा है कि सत्ता में आने पर इन विसंगतियों को दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सहित पूरे देश में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक अग्निवीर योजना से निराश हैं। यह योजना सेना की गौरवशाली रेजीमेंट प्रणाली को प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि कांग्रेस सरकार बनने पर अग्निवीर योजना को समाप्त कर पूर्व की भर्ती व्यवस्था बहाल की जाएगी। उन्होंने कहा कि अर्द्धसैनिक बलों के जवानों की जिम्मेदारियां लगातार बढ़ी हैं। उनके कल्याण के लिए अलग बोर्ड की आवश्यकता है। कांग्रेस सरकार ने वर्ष 2015 में सैनिक (शेष पृष्ठ सात पर)

## एक और मजार पर चला धामी सरकार का बुलडोजर



देहरादून वीआईपी पोश कॉलोनी में बनी अवैध मजार को बीती रात धामी सरकार के बुलडोजर ने ध्वस्त कर दिया। इस अवैध संरचना को लेकर कालोनी वासियों ने जिला प्रशासन को शिकायत दर्ज करवाई थी। बीती रात यमुना कॉलोनी में बनी हुई अवैध मजार को ध्वस्त करते हुए उक्त भूमि को अपने कब्जे में ले लिया। उक्त सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने से एक माह पूर्व नोटिस चस्पा कर उसे स्वयं हटाने के लिए वक्त दिया गया था। नगर मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी आशीष चौहान के निर्देशों के क्रम में सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। बीती रात्रि (शेष पृष्ठ सात पर)

## खटीमा लोगों से मिले सीएम,खिलाड़ियों को किया सम्मानित



खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने दो दिवसीय खटीमा प्रवास के दौरान शनिवार को लोहियाहेड स्थित कैंप कार्यालय में जनता और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जनसमस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोगों से जुड़े मामलों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए तथा शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि शासन और प्रशासन का उद्देश्य आमजन को राहत पहुंचाना है और इसके लिए सभी अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए। कैंप कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों और जनप्रतिनिधियों ने सड़क, पेयजल, विद्युत, राजस्व तथा अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित मुद्दे मुख्यमंत्री के समक्ष रखे। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने तथा समस्याओं के समाधान की प्रगति पर नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चौहान अकादमी, नानकमत्ता के ताइक्वांडो और कराटे खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों से संवाद करते हुए उनकी उपलब्धियों की सराहना की और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं और राज्य सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं (शेष पृष्ठ सात पर)

# प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया प्रारम्भ, बीएलओ तीन बार घर पर विजिट करेंगे

## 8 जून से 7 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना फार्म का वितरण एवं संकलन किया जाएगा





देहरादून। उत्तराखण्ड में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदण्डे ने सचिवालय में मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार बीएलओ का तीन चरणों में प्रशिक्षण, गणना फार्मों की शत प्रतिशत प्रिंटिंग पूर्ण हो गई है। उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य में 1 जुलाई 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर एसआईआर प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। 8 जून से 7 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना फार्म का वितरण एवं संकलन किया जाएगा। इसी एक माह के दौरान मतदाताओं के गणना फार्मों को बीएओ ऐप के माध्यम से डिजिटिलाइज कर अपलोड किया जाएगा।उन्होंने बताया यह इस दौरान कोई मतदाता घर पर उपलब्ध नहीं हो, तो बीएलओ तीन बार घर पर विजिट करेंगे। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 14 जुलाई 2026 को ड्राफ्ट रोल का प्रकाशन किया जाएगा इसके साथ ही 14 जुलाई से 13 अगस्त 2026 के बीच दावे एवं आपत्तियों को दर्ज करने का समय दिया गया है। इसी बीच 14 जुलाई से 11 सितंबर 2026 तक सभी नोटिस जारी कर दावे आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। आयोग के निर्देशानुसार 15 सितंबर 2026 अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदण्डे ने बताया कि प्रदेश में 79 लाख 60 हजार 762 मतदाताओं को गणना फार्म उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मतदाता स्वयं भी ईसीआई नेट ऐप के माध्यम से अपना गणना फार्म ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं । इसके बाद मतदाता इसे भरकर अपलोड कर सकते हैं। इस प्रकिया के दौरान अपर कोई भी पात्र व्यक्ति, मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाना चाहते हैं तो वे अपने बीएलओ से संपर्क कर फार्म 6 भर सकते हैं। इसके बाद दावे आपत्तियों के निस्तारण के समय उनके फार्मों पर विचार किया जाएगा।अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए ष्बुक ए कॉल विद बीएलओ के फीचर से मतदाता एक क्लिक पर अपने बीएलओ के साथ कॉल बुक करा सकते हैं। इसके लिए मतदाता https/voters-eci-gov-in वेबसाइट पर विजिट करके या ECI-NET मोबाइल ऐप को डाउनलोड कर अपनी कॉल बुक करा सकते हैं। कॉल बुक कराने के बाद दो दिन के भीतर बीएलओ द्वारा मतदाता से स्वयं संपर्क किया जाएगा । अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए वर्ष 2003 की वोटर लिस्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड की आधिकारिक वेबसाइट ceo-uk-gov-in पर उपलब्ध है, जहां मतदाता अपने विधानसभा क्षेत्र, अपने तथा अपने पिता/पति के नाम के आधार पर मतदाता क्रमांक एवं बूथ संख्या की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही गली, मोहल्लों और एरिया के नाम से भी मतदाता सूची खोजने की सुविधा प्रदान की गई है। वहीं अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदण्डे की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। इस अवसर पर ैप्ट को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नेैप्ट को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से शत प्रतिशत बूथ लेवल एजेंट्स नियुक्त करने की अपील की। उन्होंने बताया कि वर्तमान में उत्तराखण्ड में 11,733 पोलिंग बूथ के सापेक्ष वर्तमान में प्रदेश में राजनीतिक दलों द्वारा 22,823 ठस्े की तैनाती कर दी गई है। इस दौरान अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों से इस अभियान में सहयोग करने की अपील की। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री प्रकाश चन्द्र दुम्का, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री किशन सिंह नेगी सहित भाजपा, कांग्रेस, बीएसपी, सीपीआई (एम) के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## दीदी संकल्प सेवा समिति ने उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित



बाजपुर (उद संवाददाता)। पर्यावरण दिवस पर दीदी संकल्प सेवा समिति द्वारा बाजपुर गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र की विभिन्न क्षेत्रों में व पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित किया गया साथ ही संस्था ने इस वर्ष पर्यावरण संरक्षण की ओर एक नई पहल करते हुए 51000 प्राण वायु पौधारोपण करने का संकल्प लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उप जिलाधिकारी डॉक्टर अमृता शर्मा उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राज्य दर्जा मंत्री राजेश कुमार ने की।विशिष्ट अतिथि के तौर पर डाक्टर सुरेन्द्र जैन,खेम सिंह दानू ,टिंकू यादव उपस्थित रहे। ष्बाजपुर गौरव सम्मानष पर्यावरण व सामाजिक क्षेत्र में योगदान देने वाले व विभिन्न क्षेत्रों में बाजपुर को गौरवान्वित करने वाले लोगों को सम्मानित करते हुए संस्था ने उनका धन्यवाद किया सम्मानित होने वालों में सरदार मेजर सिंह संधू, जगतार सिंह बाजवा, डॉ पूनम शर्मा, श्रीमती चंचल चौधरी, सौरभ परमार, सुश्री अनुष्का चौधरी, सुश्री जसकिरण कौर राणा, ज्योति सिंह कश्यप, काव्यश्री जैन, सुश्री गुंजन सिसोदिया,अशोक पंत, उत्कर्ष नेगी, श्रीमती अनमोला शर्मा व जगतार सिंह उप्पल शामिल थे। संस्था अध्यक्ष उमा जोशी ने कहा कि संस्था ने आप सभी को सम्मानित करके खुद को गौरवान्वित महसूस किया है और आप सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है। मुख्य अतिथि एसडीएम डॉ अमृता शर्मा ने संस्था द्वारा चलाई गई इस मुहिम की प्रशंसा करते हुए संस्था की सराहना की। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की अपील की। इस मौके पर दीदी संकल्प सेवा समिति की अध्यक्ष उमा जोशी ने कहा कि आज हम 51,000 पौधे लगाने का संकल्प ले रहे हैं। ये सिर्फ पेड़ नहीं हैं, ये हमारे बच्चों की सांसें हैं। बाजपुर को हरा बनाना है, क्योंकि धरती हमारी माँ है। मैं हाथ जोड़कर हर घर से निवेदन करती हूं एक पौधा लगाओ, एक जीवन बचाओ। कार्यक्रम का संचालन चंद्रिका फोगाट ने किया। कार्यक्रम में पूजा जिंदल,क्षमा जैन, कविता नेगी ,कंचन सिंह, अर्चना शर्मा, निशा, उर्मिला, कंचन, मुन्नी, वैष्णवी, सतविंदर कौर, संदीप गुप्ता सुरेंद्र जैन राहुल शर्मा, शुभम पांडे राजकिशोर सिंह आदि उपस्थित रहे ।

## फरजाना ने किया पौधारोपण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्य अल्पसंख्यक आयोग उपाध्यक्ष फरजाना बेगम ने रुद्रपुर अल्पसंख्यक बालक छात्रावास में एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्रीमती नंदनी तोमर एवं कार्यालय स्टाफ के साथ पौधारोपण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल हमारा दायित्व ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। प्रधनमंत्री नरेद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान ने जनभागीदारी के माध्यम से प्रकृति संरक्षण को एक जनआंदोलन का स्वरूप दिया है। फरजाना बेगम ने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं स्वच्छ उत्तराखंड के संकल्प को निरंतर मजबूती मिल रही है। उनकी प्रेरणा से प्रदेश भर में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता के अनेक अभियान सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैंहम सभी अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल का संकल्प लें और प्रकृति को सुरक्षित एवं समृद्ध बनाने में अपना योगदान दें।



## पर्यावरण दिवस पर निकली साइकिल रैली



पंतनगर (उद संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. शिवेन्द्र कुमार कश्यप ने किया। विश्वविद्यालय परिसर स्थित गांधी मैदान से प्रारंभ हुई रैली स्टेडियम, छात्रावास मार्ग, बड़ी मार्केट और अंबेडकर पार्क होते हुए संपन्न हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा नियमित व्यायाम के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर पंतनगर स्वास्थ्य संजीवनी संस्था द्वारा अपने 100 सदस्यों को नई साइकिलें वितरित की गईं। कुलपति डॉ. शिवेन्द्र कुमार कश्यप ने संस्था की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में स्वास्थ्य जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण दोनों को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। कार्यक्रम के दौरान प्रख्यात पर्यावरणविद् डॉ. आर.के. श्रीवास्तव ने भी संस्था और विश्वविद्यालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि युवाओं और समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने में विश्वविद्यालयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा ऐसे कार्यक्रम लोगों को सकारात्मक संदेश देते हैं। पंतनगर स्वास्थ्य संजीवनी संस्था वर्ष 2021 से स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय है। संस्था स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, रक्तदान शिविर तथा जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने जैसे विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का संचालन कर रही है। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम ने विश्वविद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता और स्वच्छ जीवनशैली को बढ़ावा देने का सशक्त संदेश दिया।

## पुलिस लाईन में एसएसपी ने किया पौधारोपण




रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के नेतृत्व में पुलिस लाइन रूद्रपुर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने कहा कि हरियाली ही खुशहाली का आधार है और स्वच्छ पर्यावरण सुरक्षित भविष्य का द्वार है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि एक पौधा केवल वृक्ष नहीं होता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वायु, शुद्ध जल और सुरक्षित भविष्य की आधारशिला होता है। इसलिए पौधारोपण के साथ-साथ पौधों का संरक्षण और नियमित देखभाल भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों से अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े उपायों को अपनाने तथा आमजन को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। सभी ने रोपे गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का भी प्रण लिया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अपराध एवं यातायात जितेंद्र चौधरी, क्षेत्राधिकारी पंतनगर एवं लाइन डीआर वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक गजेंद्र सिंह परवाल सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए पौधारोपण अभियान में सहभागिता की तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाए रखने का आह्वान किया।

## नानक सागर डैम पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

नानकमत्ता। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एकल ग्रामोथान फाउंडेशन आईवीडी नानकमत्ता द्वारा नानक सागर डैम पार्क में जागरूकता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। सीटीएल अध्यक्ष दयाशंकर शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, जल संरक्षण करने, स्वच्छता बनाए रखने तथा पक्षियों एवं अन्य जीव-जंतुओं के संरक्षण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्तर पर प्रयास करने होंगे। इस अवसर पर पार्क परिसर में वृक्षारोपण किया गया तथा उपस्थित बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में किसान प्रशिक्षक भगत सिंह राणा, सीटीएल ट्रेनर रवि कुमार, डब्ल्यूईसी ट्रेनर प्रेमवती राणा, ब्यूटी पार्लर ट्रेनर आयुषी राणा, मोबिलाइजर विकास सिंह राणा, किसान मित्र रोहित, अमित तथा बसंती राणा उपस्थित रहे।



# काशीपुर की 25 करोड़ से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया

खटीमा/काशीपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को वर्चुअल माध्यम से काशीपुर में 25.19 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार काशीपुर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आधुनिक आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए तेजी से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशीपुर शहर को यातायात जाम की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से लगभग 34 करोड़ रुपये की लागत से आठ प्रमुख चौराहों के निर्माण और सौंदर्यीकरण की योजना पर कार्य शुरू किया जा रहा है। प्रथम चरण में दो महत्वपूर्ण चौराहों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। उन्होंने बताया कि ननकाना साहिब जाने वाले मार्ग पर स्थित स्टेडियम तिराहे को अब ननकाना साहिब चौक के नाम से विकसित किया जाएगा, जिसके सौंदर्यीकरण के लिए 3.35 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप चौक के सौंदर्यीकरण के लिए 4.30 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम चरण का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 16.81 करोड़ रुपये की लागत से काशीपुर-रामनगर मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग 309 के मरम्मत एवं निर्माण कार्यों का भी शिलान्यास किया गया है। इसके साथ ही काशीपुर स्टेडियम में 24 लाख रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक ओपन जिम तथा उधम सिंह नगर प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय में 49.24 लाख रुपये की लागत से निर्मित प्री फैब्रिकेटेड स्ट्रक्चर का लोकार्पण भी किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में मजबूत और आधुनिक आधारभूत ढांचे के निर्माण



पर विशेष बल दिया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तराखंड सरकार भी सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और शहरी विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशीपुर कुमाऊं क्षेत्र का महत्वपूर्ण औद्योगिक और व्यावसायिक केंद्र है। क्षेत्र के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए 133 एकड़ भूमि पर इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर पार्क विकसित किया जा रहा है, जिसमें 16 औद्योगिक इकाइयों का आवंटन किया जा चुका है। इससे बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि काशीपुर-रामनगर राजमार्ग को फोरलेन बनाने के लिए 494 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा तीन किलोमीटर लंबे मिनी बाईपास का निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है, जिससे शहर को जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशीपुर, हरिद्वार और ऋषिकेश में ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक की सुविधा शुरू की जा चुकी है। वहीं काशीपुर के ड्रेनेज सिस्टम और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए मास्टर प्लान पर कार्य चल रहा है। लगभग 1950 करोड़ रुपये की लागत से पेयजल, सीवरेज, सड़क सुधार और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के समय योजनाएं वर्षों तक लंबित रहती थीं, जबकि वर्तमान सरकार नो पेंडेंसी के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। हमारी सरकार केवल शिलान्यास ही नहीं करती, बल्कि योजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा कर उनका लोकार्पण भी सुनिश्चित करती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनता के सहयोग से विकास की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी और उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने का संकल्प पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में खटीमा से जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। काशीपुर से विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर दीपक बाली सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

## भीमताल नगर पालिका को मिले पांच नए कूड़ा वाहन

नैनीताल (उद संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को भीमताल भ्रमण के दौरान नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद भीमताल को उपलब्ध कराए गए पांच नए कूड़ा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भीमताल प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों में शामिल है। यहां की झीलें और प्राकृतिक सुंदरता देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। ऐसे में नगर की स्वच्छता और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नगर को



साफ एवं स्वच्छ रखने के लिए पर्याप्त संसाधनों और आधुनिक व्यवस्थाओं का होना जरूरी है। इसी उद्देश्य से नगर पालिका को नए कूड़ा वाहन उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे कूड़ा संग्रहण और उसके निस्तारण की व्यवस्था और अधिक प्रभावी हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल नगर को स्वच्छ रखना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि एकत्रित कूड़े का समयबद्ध और वैज्ञानिक निस्तारण भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए नगर निकायों को कूड़ा वाहनों के साथ-साथ आधुनिक उपकरण भी उपलब्ध करा रही है, ताकि शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा विषय है। नागरिकों के सहयोग से ही स्वच्छ और स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उन्होंने लोगों से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का भी आह्वान किया। इस दौरान शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा, नगर पालिका परिषद भीमताल की अध्यक्ष सीमा टम्टा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## कूटा ने संविदा प्राध्यापकों के वेतन, नियमितीकरण और विश्वविद्यालयी समस्याओं के समाधान की उठाई मांग

नैनीताल (उद संवाददाता)। कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर विभिन्न लंबित मांगों और विश्वविद्यालय से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपा। कूटा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि विश्व विद्यालय में कार्यरत संविदा प्राध्यापकों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मानकों के अनुरूप 57,700 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लंबे समय से कार्य कर रहे संविदा प्राध्यापकों को उचित वेतनमान नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने 10 से 12 वर्षों से सेवा दे रहे कर्मचारियों और प्राध्यापकों के नियमितीकरण का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। कूटा ने मांग की कि नियमितीकरण के लिए निर्धारित कटऑफ तिथि को वर्ष 2026 तक बढ़ाया जाए, ताकि लंबे समय से सेवाएं दे रहे कर्मचारियों और शिक्षकों को



इसका लाभ मिल सके। इसके अलावा संघ ने विश्वविद्यालय में वरिष्ठ प्रोफेसरों को ग्रेड-15 का लाभ प्रदान किए जाने की मांग भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। प्रतिनिधियों ने कहा कि इससे वरिष्ठ शिक्षकों को उनके अनुभव और सेवाओं के अनुरूप सम्मान एवं सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी। कूटा ने विश्वविद्यालय क्षेत्र में स्थित 7 नंबर भूस्खलन क्षेत्र की समस्या का भी उल्लेख करते हुए उसके स्थायी समाधान के लिए आवश्यक बजट उपलब्ध कराने तथा निर्माण एवं सुरक्षा कार्यों को शीघ्र शुरू कराने का अनुरोध किया। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कूटा की ओर से मुख्यमंत्री को पौधों से संबंधित जागरूकता फ्लायर भेंट किए गए तथा शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण और हरित उत्तराखंड के संकल्प पर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल में कूटा अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी, डॉ. भुवन आर्य, डॉ. अनिल कपूर, डॉ. दीपक मेलकानी, डॉ. मोहित रौतेला सहित अन्य शिक्षक प्रतिनिधि शामिल रहे।

## सांसद भट्ट ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रामपुर रोड स्थित सिटी पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री तथा सांसद नैनीताल-ऊधमसिंह नगर अजय भट्ट ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा सभी नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अजय भट्ट ने सभी देश और प्रदेशवासियों को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का विषय नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वृक्ष धरती के जीवनदायी आधार हैं और स्वच्छ पर्यावरण, शुद्ध वायु तथा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण आवश्यक है।श्री भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया एक पेड़ माँ के नामश् अभियान प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान का अद्भुत संदेश देता है। यह अभियान पूरे देश में जनभागीदारी के साथ पर्यावरण संरक्षण का एक जनआंदोलन बन चुका है। उन्होंने सभी नागरिकों से इस अभियान से जुड़कर अपनी माताओं के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने तथा उसकी देखभाल का संकल्प लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम में वन संरक्षक पश्चिमी वृत्त नीतीश मणि त्रिपाठी, प्रभागीय वनाधिकारी हल्द्वानी कुंदन कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी तराई केंद्रीय यू.सी. तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षों के संवर्धन का संकल्प लिया।



## भारत विकास परिषद् ने विद्यालय में किया पौधारोपण

किच्छा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद् के तत्वावधान में शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर, किच्छा में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रातः 9 बजे प्रारंभ हुआ, जिसमें परिषद् के पदाधिकारियों, सदस्यों, विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा उनकी नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय चुनौतियों को देखते हुए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक हो गया है। वृक्ष न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए स्वच्छ वायु, छाया और प्राकृतिक संसाधनों का महत्वपूर्ण स्रोत भी हैं। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखरेख करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, स्वस्थ और



हरित वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो पर्यावरण संरक्षण के अभियान को नई गति मिल सकती है। कार्यक्रम में परिषद् के वरिष्ठ सदस्य पवन चोपड़ा एवं प्रकाश जी की विशेष उपस्थिति रही। इसके अलावा सौरभ अरोड़ा, श्याम खुराना, यश नारंग, प्रिंस वर्मा, विवेक फुटेला, सुमित तनेजा, अनमोल अरोड़ा, प्रिंस तिवारी, अविनाश, हरबीर सिडाना तथा वंश सहित अनेक सदस्यों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, जल बचाने तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## गुरूनानक कॉलेज परिसर में लगाए विभिन्न प्रजातियों के पौधे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री गुरु नानक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर अभियान के अंतर्गत एक भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना और प्रकृति के संरक्षण का संदेश देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अमिता भटनागर और प्राध्यापकों द्वारा संयुक्त रूप से पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में छायादार और



फलदार पौधों का रोपण किया गया। शिक्षकों ने न केवल पौधे लगाए, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प भी लिया। अपने संबोधन में प्राचार्या डॉ. अमिता भटनागर ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। इस कार्यक्रम की समन्वयिका सहायक प्राध्यापक अदिति साहनी रहीं। कार्यक्रम में गौरव मिश्रा, डॉ. असमीत कौर सेठी, संदीप त्रिपाठी, प्रिया गुप्ता, आनंद राम, मलकीत सिंह, डॉ. नाजिया बानो, डॉ. नवनीत कौर, डॉ. मीनाक्षी रावत, शीतल, प्रकाश सिंह अधिकारी, तरुण प्रजापति, उमेश राणा तथा सर्वजीत कौर, भावना, दुर्गेश, राधेश्याम, गंगा और पंकज सहित अन्य लोगों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।


SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाइटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा
• प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी
• जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : धामी

## लोहियाहेड हेलीपैड और कैंप कार्यालय में जनता एवं जनप्रतिनिधियों से की मुलाकात


खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को लोहियाहेड हेलीपैड और कैंप कार्यालय में जनता एवं जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आम लोगों से जुड़े मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर प्रशासन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इसके उपरांत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोहियाहेड स्थित कैंप कार्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है और इसके लिए केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण और संवर्धन भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से फलदार पौधों के अधिकाधिक रोपण पर जोर देते हुए अधिकारियों को इस दिशा में अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फलदार वृक्ष पर्यावरण संरक्षण के साथ ही लोगों को पोषण और आर्थिक लाभ भी प्रदान करते हैं। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि जनपद में व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत इस वर्ष चार लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों, स्थानीय निकायों, शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से पौधरोपण अभियान को सफल बनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश भट्ट, महामंत्री रमेश जोशी, अमित कुमार पांडे, रनदीप पोखरिया, भवानी भंडारी, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, उप जिलाधिकारी गौरव पांडे सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।












# राज्य निर्माण आन्दोलनकारी सम्मान परिषद का अध्यक्ष बनने पर हुकम सिंह कुंवर का स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राज्य आनन्दोलनकारी, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष व देवभूमि उद्योग व्यापार मण्डल के संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिह कुंवर को राज्य निर्माण आन्दोलनकारी सम्मान परिषद का अध्यक्ष बनाए जाने पर देवभूमि उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राज्य आन्दोलनकारी हुकम सिंह कुंवर ने कहा कि यह सम्मान निश्चित रूप से राज्य आन्दोलनकारियों का सम्मान है। राज्य निर्माण में राज्य आन्दोलनकारियों की भूमिका अहम रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह राज्य आंदोलनकारीयों की भावना का सम्मान है। वक्ताओं ने कहा कि पिछले 40 वर्षों से श्री कुंवर ने जो संघर्ष किया है यह उनके संघर्ष की जीत है। कुंवर 1989 में हल्द्वानी विधानसभा सीट से स्व,. एनडी तिवारी को चुनौती दे चुके है। उनको सम्मान मिलने पर उनके शुभचिन्तकों ने हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ० अनिल डब्बू, अनिल खण्डेलवाल, जगमोहन सिह चिलवाल, राज कुमार केसरवानी, अजय कृष्ण गोयल, पृथ्वीपाल सिह रावत, डॉ. केदार पलड़िया, पंकज सुयाल, बृजमोहन सिजवाली, रमेश जोशी, हर्ष जलाल, हरीश पाल, उमेश बेलवाल, रजत पन्त, जगदीश बेलवाल, श्याम सिंह नेगी, आफताब आलम, योगेश काण्डपाल, ललित पालिवाल, अभय पालीवाल, बालम बर्गली, बालम सिह देवका, आफताब हुसैन, एचएस रावत, प्रीतम सिह जीना, अशोक मोंगिया, तारा दत्त



नारायण सिंह राणा, मदन मोहन लोहनी, प्रकाश काण्डपाल, दिनेश चन्द्र जोशी, शंकर दत्त जोशी, मनीष तिवारी, सुरेश चन्द्र तिवारी, भुवन चन्द्र त्रिपाठी, रचित सम्मल, विक्की योगी, विनोद घिल्डियाल, राम सिंह बसेड़ा, घनश्याम बिष्ट, किरन बोरा, डॉ. रूप सिंह कुंवर, पाण्डे, विपिन काण्डपाल, दीवान सिंह बिष्ट, नरेन्द्र सिह रावत, जितेन्द्र बोरा, गौरव कनार्टक चन्द्रशेखर पाण्डे, उमेश जोशी, नरेश काण्डपाल, दीपक रौतेला, योगेश शर्मा ,अमित बुढलाकोटी, देवेन्द्र सिह नेगी, खिमेन्द्र सिह बिष्ट, रवि गुप्ता, भाष्कर सुयाल आदि मौजूद रहे।

# छात्रों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण को एक आंदोलन के रूप में अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं कॉमर्स विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर भरत सिंह राजपूत ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में तेजी से हो रही वृक्षों की कटाई बेहद चिंताजनक है। उन्होंने आह्वान किया कि वृक्षारोपण को केवल एक औपचारिकता न मानकर इसे एक जन-आंदोलन बनाना होगा। अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर मनोज पांडे ने अपनी शैली में छात्रों को पर्यावरण के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. प्रदीप कुमार ने वृक्ष के जीवन को मानव जीवन से जोड़ते हुए प्रकृति को सबसे बड़ा शिक्षक बताया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक वृक्ष धूप, बारिश और आंधी-तूफान सहकर भी निरंतर आगे बढ़ता है, वैसे ही मनुष्य को भी संघर्षों से प्रेरणा लेनी चाहिए। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य एवं भूगोल विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पूनम रौतेला ने विभिन्न पर्यावरणविदों के योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला। डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ए. एन. सिंह तथा वरिष्ठ प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में परिसर में 100 से अधिक पौधे रोपे गए। उन्होंने कहा कि भविष्य में कॉलेज को ग्रीन कैंपस बनाने के लिए निरंतर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी और शोध छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्र संघ अध्यक्ष रजत सिंह बिष्ट, सचिव जसवंत सिंह, पूर्व सचिव सचिन वर्मा सहित छात्र संघ के पदाधिकारी और सैकड़ों विद्यार्थी शामिल हुए। सभी ने परिसर में उत्साह के साथ वृक्षारोपण किया और पर्यावरण को स्वच्छ रखने की शपथ ली।



# आदि कैलाश यात्रियों का त्रिशूल चौक पर भव्य स्वागत

## आध्यात्मिक नगरी के रूप में विकसित हो रहा है रूद्रपुर: विकास

रूद्रपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघ चालक सुशील सिंघला के नेतृत्व में आदि कैलाश यात्रा पर जा रहे तीर्थ यात्रियों के दल का शुक्रवार को त्रिशूल चौक पर महापौर विकास शर्मा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान तीर्थ यात्रियों का फूल मालाओं से अभिनंदन किया गया तथा सभी यात्रियों ने चौक पर स्थापित विशाल त्रिशूल के दर्शन कर पुष्प अर्पित किए। यात्रियों ने त्रिशूल चौक के भव्य स्वरूप की सराहना करते हुए इसे शहर की आध्यात्मिक पहचान को मजबूत करने वाली पहल बताया। इस अवसर पर नगर संघ चालक सुशील सिंघला ने कहा कि वर्ष 2006 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक प्रशिक्षण शिविर रूद्रपुर में आयोजित हुआ था, जिसमें उन्होंने स्वयं प्रशिक्षक के रूप में भाग लिया था। उस समय विकास शर्मा ने भी एक सप्ताह का प्रशिक्षण प्राप्त किया था। उन्होंने कहा कि तभी उनकी नेतृत्व क्षमता और कार्यशैली की झलक दिखाई देने लगी थी। संगठन ने उनकी प्रतिभा को पहचाना और आज वह रूद्रपुर के महापौर के रूप में शहर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महापौर ने त्रिशूल चौक को जिस भव्य स्वरूप में विकसित किया है, उससे शहर को नई पहचान मिली है। कुमाऊं और पर्वतीय क्षेत्रों के प्रमुख देवस्थलों की यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालु यहां स्थापित विशाल त्रिशूल के दर्शन कर आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त कर रहे हैं। यह स्थल अब श्रद्धा और आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि आज का दिन दोहरी खुशी लेकर आया है। एक ओर तीर्थ यात्रियों का दल त्रिशूल चौक से होकर आदि कैलाश यात्रा के लिए रवाना हो रहा है, वहीं दूसरी ओर रूद्रपुर के पूर्व मेयर रामपाल सिंह राज्य मंत्री का दायित्व ग्रहण करने के लिए देहरादून रवाना हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा रामपाल सिंह को राज्य मंत्री का दर्जा दिया जाना उनके लंबे जनसेवा अनुभव और कार्यों पर विश्वास का प्रमाण है। महापौर ने कहा कि रामपाल सिंह ने रूद्रपुर के विकास में जो भूमिका निभाई, अब उसी अनुभव और कार्यशैली का लाभ पूरे प्रदेश को मिलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य स्तरीय दायित्व मिलने के बाद भी रामपाल सिंह प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। महापौर ने आदि कैलाश यात्रा पर जा रहे सुशील सिंघला और उनके परिवार सहित सभी यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी यात्रा मंगलमय और सफल हो, यही सभी की कामना है। महापौर ने कहा कि नगर को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। त्रिशूल चौक के बाद अब डमरू चौक और शिव कॉरिडोर के निर्माण की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही शहर में आकर्षक प्रवेश द्वार विकसित करने तथा तीर्थ यात्रियों के लिए अतिथि गृह बनाने की योजना भी तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि रूद्रपुर कुमाऊं का प्रवेश द्वार है और आने वाले समय में यह क्षेत्र पर्यटन एवं तीर्थाटन की दृष्टि से विशेष पहचान बनाएगा। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री रामपाल सिंह ने कहा कि महापौर विकास शर्मा ने अपने दूरदर्शी दृष्टिकोण से इस चौक को त्रिशूल चौक के रूप में भव्य पहचान दिलाई है। कार्यक्रम में राहुल बंसल, सरोज सिंघला, नरेश, पवन, कौशल अग्रवाल, देवभूमि व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह, भाजपा मंडल महामंत्री पारस वुघ, गौरव जुयाल, पार्षद विष्णु सिंह, घनश्याम श्यामपुरिया, रोहित मित्तल, पार्षद चिराग कालरा, संदीप वाल्मीकि, एडवोकेट गुरदीप सिंह, प्रहलाद अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और श्रद्धालु उपस्थित रहे।








# कमिश्नर ने पीड़ित को जमीन के 15 लाख रूपये वापस दिलाये

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आयुक्त एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने एक सुनवाई के दौरान भूमि विवाद के मामले में पीड़ित को जमीन के 15 लाख रूपये वापस दिलाये। पीड़ित व्यक्ति ने आयुक्त का आभार व्यक्त करते। जानकारी के अनुसार विगत जनसुनवाई में संजय जनोटी निवासी आस्ता विहार पॉलीशीट हल्द्वानी के द्वारा पुष्पा पाण्डे निवासी भीमताल ग्राम ढूंगसील तहसील नैनीताल में भूमि क्रय



हेतु अनुबंध किया था। अनुबंध के आधार पर संजय जनोटी ने 15 लाख 50 हजार की धनराशि पुष्पा पाण्डे के खाते में गूगल पे के द्वारा दिये गये। उक्त भूमि की रजिस्ट्री के दौरान रास्ते का विवाद होने पर संजय जनोटी ने धनराशि वापस मांगी जिस पर पुष्पा पाण्डे ने धनराशि वापस नहीं की। उक्त प्रकरण में दोनो पक्षों की सुनवाई के दौरान आयुक्त के निर्देशानुसार दोनो पक्षों में धनराशि वापस करने के सम्बन्ध में समझौता किया गया। पुष्पा पाण्डे द्वारा 15.50 लाख की धनराशि संजय जनोटी के खाते में बैंक के माध्यम से हस्तांतरित की गई। जिस पर संजय जनोटी ने आयुक्त का आभार व्यक्त किया।

# दरियानगर के 300 परिवारों को राहत की उम्मीद

रुद्रपुर। वार्ड 37 स्थित दरियानगर में पिछले पांच से छह दशकों से निवास कर रहे करीब 300 परिवारों को बेदखली के संकट से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने इस मामले को गंभीरता से उठाते हुए जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जयकिशन को ज्ञापन सौंपकर संबंधित भूमि को मास्टर प्लान में नलकूप क्षेत्र के बजाय आवासीय क्षेत्र के रूप में दर्ज करने की मांग की है। दरियानगर क्षेत्र में रहने वाले परिवार लंबे समय से भूमि के स्वामित्व और पुनर्वास से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। हाईकोर्ट के आदेशों के अनुपालन में समय समय पर विकास प्राधिकरण द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई, जिससे क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों के सामने बेघर होने का संकट खड़ा हो गया। हालांकि पूर्व में भी विधायक शिव अरोरा के हस्तक्षेप के बाद कार्रवाई को रोका गया था। हाल ही में क्षेत्र के लोग अपनी समस्या लेकर विधायक शिव अरोरा से मिले। मामले की जानकारी लेने पर पता चला कि जिस भूमि पर लगभग 300 परिवार 50 वर्ष से



अधिक समय से निवास कर रहे हैं, वह मास्टर प्लान में नलकूप क्षेत्र के रूप में दर्ज है। इसी कारण वहां रहने वाले लोगों द्वारा नजूल भूमि पर मालिकाना हक के लिए किए गए आवेदन निरस्त कर दिए गए थे। समस्या के समाधान के लिए विधायक शिव अरोरा दर्जनों महिलाओं और स्थानीय लोगों के साथ जिला विकास प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे और उपाध्यक्ष जयकिशन को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की कि जिस भूमि पर वर्षों से लोग रह रहे हैं, उसे मास्टर प्लान में संशोधन कर आवासीय क्षेत्र घोषित किया जाए, ताकि बार बार बेदखली की कार्रवाई की आशंका समाप्त हो सके और लोगों को स्थायी राहत मिल सके। विधायक ने प्राधिकरण से यह भी आग्रह किया कि जब तक मास्टर प्लान में संशोधन कर क्षेत्र को आवासीय श्रेणी में दर्ज नहीं किया जाता, तब तक किसी प्रकार की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई न की जाए। उन्होंने कहा कि यह मामला सैकड़ों गरीब परिवारों के आशियाने और उनके भविष्य से जुड़ा हुआ है। जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जयकिशन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि दरियानगर की समस्या के समाधान के लिए मास्टर प्लान में आवश्यक संशोधन की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को नलकूप श्रेणी से हटाकर आवासीय क्षेत्र के रूप में दर्ज करने की संभावनाओं पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि इस जनहित से जुड़े विषय पर प्राधिकरण के साथ सकारात्मक चर्चा हुई है। यदि मास्टर प्लान में संशोधन कर क्षेत्र को आवासीय श्रेणी में शामिल किया जाता है तो भविष्य में नजूल भूमि पर मालिकाना हक से संबंधित लंबित मामलों के समाधान का मार्ग भी प्रशस्त होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि शासन और प्रशासन के सहयोग से दरियानगर के परिवारों को स्थायी राहत मिलेगी। विधायक के प्रयासों से क्षेत्रवासियों में नई उम्मीद जगी है और लोगों ने शीघ्र समाधान की अपेक्षा व्यक्त की है। इस अवसर पर नंदलाल शर्मा, नन्हें कुमार, विक्रम, सन्नी पासवान, कमला, शांति देवी, सीमा, पार्वती, रमा देवी, सरोज, अनीता देवी, प्रभा, रौशनी, महिमा, सुषमा सहित तमाम लोग थे।

# विधयक बेहड़ ने जसमीत कौर को किया सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व मंत्री एवं किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने क्षेत्र के सम्मानित समाजसेवी जसवंत सिंह पाहवा के निवास पर पहुंचकर उनकी होनहार सुपुत्री कुमारी जसमीत कौर को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पी.सी.एस. परीक्षा में पूरे प्रदेश में प्रथम रैंक प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। श्री बेहड़ ने जसमीत कौर को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया तथा मिष्ठान खिलाकर उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जसमीत कौर ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर न केवल अपने परिवार का बल्कि सम्पूर्ण रुद्रपुर एवं ऊधमसिंह नगर जनपद का नाम पूरे उत्तराखण्ड में गौरवान्वित किया है। श्री बेहड़ ने कहा कि आज की बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से



कम नहीं हैं। जसमीत कौर की यह सफलता प्रदेश की बेटियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जसमीत की उपलब्धि विद्यार्थियों एवं युवाओं के लिए प्रेरणा का एक उज्ज्वल स्रोत है, जो यह संदेश देती है कि समर्पण, अनुशासन और निरंतर प्रयास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने जसमीत कौर के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी यह सफलता आने वाली पीढ़ियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा भी उपस्थित थे।

# कुमांऊ के प्रसिद्ध मंदिरों में ठुकराल ने नवाया शीश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने अपने अल्मोड़ा दौरे के दौरान कुमाऊं के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों जागेश्वर धाम, कैंची धाम और चितई गोल्ज्यू मंदिर में पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना की तथा प्रदेश और क्षेत्र की सुख समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। धार्मिक स्थलों पर दर्शन के दौरान उन्होंने देवभूमि उत्तराखंड की समृद्ध आध्यात्मिक परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को नमन किया। अल्मोड़ा में आयोजित कांग्रेस की जनसभा में शामिल होने के बाद ठुकराल ने विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन किए। उन्होंने मंदिर परिसर में पूजा अर्चना कर प्रदेश में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही उन्होंने चितई गोल्ज्यू मंदिर में भी पूजा



अर्चना कर न्याय के देवता गोल्ज्यू महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। कैंची धाम में बाबा नीम करौली महाराज के चरणों में श्रद्धा अर्पित की और जनकल्याण की प्रार्थना की। राजकुमार ठुकराल ने कहा कि कुमाऊं के प्रसिद्ध धार्मिक और आध्यात्मिक केंद्र न केवल प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान हैं, बल्कि देश और दुनिया के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र भी हैं। उन्होंने कहा कि जागेश्वर धाम की आध्यात्मिक ऊर्जा, कैंची धाम की दिव्यता और चितई गोल्ज्यू मंदिर की लोक आस्था लोगों को सदियों से आकर्षित करती रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को देवभूमि के रूप में विशेष पहचान मिली है और यहां के धार्मिक स्थल समाज को आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मक सोच प्रदान करते हैं। ठुकराल के साथ सुनील चुघ, ललित बिष्ट, आनंद शर्मा आदि भी मौजूद थे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## लापरवाही और अग्निकांड

कोई हादसा एक मामूली कोताही का नतीजा हो सकता है, लेकिन अगर वह गलती बनी रहती है या उससे सबक लेकर भविष्य में सावधानी बरतने और बचाव के जरूरी इंतजाम नहीं किए जाते हैं, तो उन्हें आपराधिक लापरवाही से कम नहीं माना जा सकता। दिल्ली में मालवीय नगर के एक होटल में दो दिन पहले आग लगने से इक्कीस लोगों की जान चली गई। इसके अलावा, बिहार के मुजफ्फरपुर के एक अस्पताल के सघन चिकित्सा कक्ष सहित देश के अलग-अलग हिस्सों में कई जगहों पर रिहाइशी इमारतों में आग लगने की घटनाएं सामने आईं। जहां तक मालवीय नगर की घटना का सवाल है, तो यह संभव है कि वहां अचानक लगी आग पूरी इमारत में फैल गई। मगर इतने लोगों के मारे जाने के बाद अब जो तथ्य उजागर हो रहे हैं, उससे यही साबित होता है कि इस हादसे की समूची भूमिका पहले से तैयार थी और इसमें इमारत के मालिक से लेकर सरकार के संबंधित महकमों के अधिकारियों की भी जिम्मेदारी थी।सवाल है कि अगर होटल के पास दिल्ली अग्निशमन विभाग की ओर से जारी किया जाने वाला अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं था, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है। फिर छह कमरों के लाइसेंस पर अगर पच्चीस कमरे अवैध रूप से बनाकर कारोबार संचालित किया जा रहा था, तो यह किसकी अनदेखी से संभव हुआ? धोखाधड़ी करके इमारत के भूतल पर एक पूरी रेस्तरां चलाई जा रही थी, तो क्या यह कोई छिपी गतिविधि थी?जिस इमारत में अलग-अलग कारणों से हर समय खासी संख्या में लोगों के मौजूद होने की स्थिति थी, वहां आग लगने या अन्य किसी आपात स्थिति में बचने के लिए बाहर निकलने का रास्ता बाधित क्यों था? इलेक्ट्रॉनिक लॉक प्रणाली से जोखिम की आशंका होने के बावजूद मुख्य दरवाजे के खुलने-बंद होने की डिजिटल व्यवस्था की अनुमति किसने दी थी? सच यह है कि इमारत में जो हादसा सामने आया, वह सिर्फ कमाई की अदम्य भूख में सुरक्षा इंतजामों के अनिवार्य पहलू को लेकर एक आपराधिक लापरवाही और सरकार के संबंधित महकमों की ओर से की गई अफसोसनाक अनदेखी का नतीजा है। दरअसल, नियमों को ताक पर रखकर चलाई जाने वाली व्यावसायिक गतिविधियों के केंद्र के संचालक तभी ऐसा कर पाते हैं, जब पुलिस या अनिवार्य व्यवस्थागत इंतजामों की समय-समय पर जांच और निगरानी करने वाले अधिकारी उन्हें अप्रत्यक्ष रूप से ऐसा करने की छूट देते हैं। इसके पीछे अवैध लेनदेन पर आधारित सांठगांठ हो सकती है। विडंबना यह है कि जो लोग इस तरह के भ्रष्टाचार में लिप्त होते हैं, उन्हें इस बात की शायद कोई फिक्र नहीं होती कि उनकी ऐसी हरकतों का अंजाम कितना त्रासद हो सकता है। अगर कोई मामला तूल पकड़ लेता है, तो सरकार और पुलिस की ओर से आनन-फानन में फौरी तौर पर कानूनी कार्रवाई के लिए अतिरिक्त सक्रियता दिखती है। मगर ऐसे हादसों की जांच के नतीजे, कानूनी कार्रवाई और सजा की हालत यह है कि वह शायद ही किसी सबक के लिए उदाहरण साबित होती है। जरूरत इस बात की है कि खासतौर पर ज्यादा लोगों के जमा होने वाली इमारतों में आग लगने या किसी भी अन्य वजह से जोखिम पैदा होने की आशंका वाली जगहों के सुरक्षा इंतजामों को लेकर कोई समझौता न हो।

## दो किलो गांजा समेत एक गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो किलो अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान किया है। काशीपुर कोतवाली पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान केलामोड़-कुंडेश्वरी रोड से भीमनगर कुण्डेश्वरी हाल प्रतापपुर निवासी सुधांशु कुमार उर्फ सुच्चा पुत्र धर्मी को गिरफ्तार कर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान किया है।


## कार्यालय जिला पंचायत ऊधम सिंह नगर

### ई-निविदा विज्ञप्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत ऊधम सिह नगर के विकास खण्ड खटीमा में विभिन्न ग्रामीण बाजारों से कूड़ा एकत्रित कर कूड़ा कॉम्पैक्टर / ट्रंचिंग ग्राउण्ड तक पहुंचाने हेतु एक छोटा वाहन (छोटा हाथी वाहन) मय चालक ईंधन व रख रखाव सहित उपलब्ध कराये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुबन्ध की तिथि से एक वर्ष के लिए इच्छुक व्यक्तियों/ठेकेदारों से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जो कि दिनांक 08.06.2026 से website www.uktenders.gov.in पर दिनांक 17.06.2026 की अपरान्ह 12.00 बजे तक बिक्री हेतु उपलब्ध होंगी, मूल प्रमाण पत्र दिनांक 17.06.2026 को 11:00 बजे तक कार्यालय में रखे बॉक्स में डालने होंगें। तकनीकी निविदा दिनांक 17.06.2026 को 03:00 बजे जिला पंचायत सभागार में खोली जायेंगी। तकनीकी निविदा की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त वित्तीय निविदा खोली जायेगी । निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध होगी।

भविष्य में इस निविदा सम्बन्धित कोई भी विवरण / शुद्धिकरण मात्र उक्त वेबसाइट पर ही प्रसारित किया जायेगा

अपर मुख्य अधिकारी

पत्रांक-610/राजस्व/जि०पं०ऊ०सि०न०/
2026-2027 दिनांक 04.06.2026

जिला पंचायत ऊधम सिंह नगर


# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने घोषित की प्रकोष्ठों की नई टीम घोषित

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने संगठन को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजकों और सह-संयोजकों की नई टीम की घोषणा की है। प्रदेश कार्यालय से जारी सूची में चिकित्सा, विधि, सहकारिता, सांस्कृतिक, व्यावसायिक, पूर्व सैनिक, शिक्षक, धर्म-संस्कृति, गोरखा, आर्थिक, बुद्धिजीवी, स्वयं सहायता समूह, आपदा प्रबंधन, व्यापार, एनजीओ, निकाय, पंचायत, लघु उद्योग, दिव्यांग जन, खेलकूद, सेवानिवृत्त कर्मचारी तथा पर्यटन गतिविधि सहित कुल 22 प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रकोष्ठ संगठन और समाज के बीच सेतु का कार्य करते हैं। विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और अनुभवी लोगों को संगठन से जोड़कर भाजपा जनसरोकारों को और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन की नीतियोंएवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओंको आम जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक डॉ. चण्डी प्रसाद भट्ट (उत्तरकाशी) को बनाया गया है। सह-संयोजक के रूप में डॉ. जितेन्द्र गैरोला (देहरादून ग्रामीण), बलवीर रावत (देहरादून महानगर), डॉ. सुदेश चौहान (काशीपुर) तथा डॉ. संदीप गौड़ (नैनीताल) को जिम्मेदारी दी गई है। विधि प्रकोष्ठ का संयोजक नीरज पाण्डेय (देहरादून महानगर) को बनाया गया है। सह-संयोजक पुरुषोत्तम कण्डवाल, सहदेव सिंह चौधरी, संजय कुमार जैन और राजेश ओली बनाए गए हैं। सहकारिता प्रकोष्ठ का संयोजक अशोक पनेरू (कोटद्वार) को बनाया गया है। सह-संयोजक घनश्याम नौटियाल, मोहित कौशिक, संदीप भोज, निशांत परिहार तथा वीर सिंह पंवार को नियुक्त किया गया है। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी जितेन्द्र सिंह मेहता (नैनीताल) को सौंपी गई है। सह-संयोजक संजय रावत, विनोद भट्ट और अनिलेश उनियाल बनाए गए हैं। व्यावसायिक प्रकोष्ठ का संयोजक सौरभ चौहान (रुड़की) को बनाया गया है। सह-संयोजक अब्दुल शाह, लड्डू गुप्ता, पवन सैनी और प्रशांत वर्मा को दायित्व मिला है। पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ का संयोजक कर्नल सुखवीर सिंह भण्डारी (देहरादून महानगर) को बनाया गया है। सह-संयोजक विनोद चपलोटी, कैप्टन नागेन्द्र सिंह धामी, आनंद सिंह राणा, लक्ष्मण कार्की तथा कर्नल जगत सिंह जेतवाल होंगे। शिक्षक प्रकोष्ठ का संयोजक प्रदीप त्यागी (रुड़की) को बनाया गया है। सह-संयोजक राम प्रकाश गुप्ता, कमल किशोर पाण्डेय और प्रतिमा पाठक को नियुक्त किया गया है। इस प्रकोष्ठ का संयोजक आचार्य शिव प्रसाद ममगाईं (रुद्रप्रयाग) को बनाया गया है। सह-संयोजक आचार्य विपिन जोशी, राजकुमार शर्मा, सौरभ फोगाटी तथा शेखर श्रीवास्तव होंगे। गोरखा प्रकोष्ठ का संयोजक अभिषेक शाही (देहरादून महानगर) को बनाया गया है। सह-संयोजक रोशन चन्द्र और माया गुरूंग को नियुक्त किया गया है। आर्थिक प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी अरुण मित्तल (देहरादून ग्रामीण) को दी गई है। सह-संयोजक लव मित्तल, करण अग्रवाल, चंदन सिंह किरौला तथा राजेन्द्र पैन्यूली होंगे। बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ का संयोजक डॉ. ओ. पी. कुलश्रेष्ठ (देहरादून महानगर) को बनाया गया है। सह-संयोजक डॉ. सुमेर चन्द्र रवि, बबीता सिंह तथा दर्शनीय जखमोला को दायित्व मिला है। इस प्रकोष्ठ की संयोजक श्रीमती नूपुर गुप्ता (देहरादून महानगर) बनाई गई हैं। सह-संयोजक सरिता त्रिपाठी, चंदा राणा और नवीन फरसवाण होंगे। आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ का संयोजक चण्डी प्रसाद बेलवाल (उत्तरकाशी) को बनाया गया है। सह-संयोजक अजय पाण्डे, कुलदीप गंगवार तथा ममता नागर को जिम्मेदारी दी गई है। व्यापार प्रकोष्ठ का संयोजक विशाल गुप्ता (देहरादून महानगर) को बनाया गया है। सह-संयोजक दीपक मित्तल, संजय व्यास, सागर गिरी गोस्वामी तथा अनिल कुमार गुप्ता होंगे। एनजीओ प्रकोष्ठ का संयोजक सुरेन्द्र बहुगुणा (टिहरी) को बनाया गया है। सह-संयोजक मधु जैन, संदीप यादव और विनीत को दायित्व सौंपा गया है। निकाय प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी सचिन गुप्ता (देहरादून महानगर) को दी गई है। सह-संयोजक सुरेश कोली, राजेन्द्र व्यास, मनोज नेगी तथा कैलाश गुरुरानी होंगे। पंचायत प्रकोष्ठ का संयोजक गोविन्द सिंह दानू (बागेश्वर) को बनाया गया है। सह-संयोजक हिमेंदु राणा, शैलेन्द्र शर्मा, बहादुर सिंह नगताली तथा जगमोहन रावत होंगे। लघु उद्योग प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी राहुल देव धंध (देहरादून महानगर) को सौंपी गई है। सह-संयोजक अमरदीप मिश्रा, ईश्वर चन्द्र गुप्ता तथा नवल भट्ट बनाए गए हैं। दिव्यांग जन प्रकोष्ठ का संयोजक अमित डोभाल (देहरादून ग्रामीण) को बनाया गया है। सह-संयोजक किशोर बहुगुणा, सचिन बडोनी तथा प्रियंका कण्डारी होंगी। खेलकूद प्रकोष्ठ का संयोजक महेश नेगी (रानीखेत) को बनाया गया है। सह-संयोजक किशोर जोशी और सौरभ नौटियाल होंगे। इस प्रकोष्ठ का संयोजक रमेश चन्द्र सुमेला (देहरादून महानगर) को बनाया गया है। सह-संयोजक श्याम सिंह रावत तथा हरीश चन्द्र नौटियाल को जिम्मेदारी दी गई है। पर्यटन गतिविधि प्रकोष्ठ का संयोजक कपिल गुप्ता (ऋषिकेश) को बनाया गया है। सह-संयोजक विमल भट्ट, श्याम टेक तथा सतीश चंद होंगे। भाजपा नेतृत्व ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए पार्टी को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने का आह्वान किया है।

# डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव के लिए प्रशासन सतर्क

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद में डेंगू और चिकनगुनिया के प्रसार को रोकने और प्रभावी नियंत्रण के लिए जिलाधिकारी नितिन भदौरिया की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय अंतर्विभागीय बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सभी चिकित्सालयों में डेंगू आइसोलेशन वार्ड तैयार रखे जाएं और जांच व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने ब्लड और प्लेटलेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही आवश्यक दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि डेंगू से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका मच्छर के लार्वा को पनपने से रोकना है। उन्होंने सभी विभागों को आपस में समन्वय स्थापित कर नालों और नालियों की नियमित सफाई, फॉगिंग और दवाइयों के छिड़काव पर विशेष ध्यान देने को पालिकाओं और पंचायतों के जनप्रतिनिधियों को भी इस अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों के लिए आरएम सिडकुल और महाप्रबंधक उद्योग को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए। जल निगम और जल जनता से अपील करते हुए प्रशासन ने कहा कि कूलर, पानी की टंकी, बाल्टी और बर्तनों में अनावश्यक पानी जमा न होने दें और कूलर का उपयोग न होने पर उसे पूरी तरह खाली रखें। टायर, डिब्बे और बोतलों जैसी अनुपयोगी वस्तुओं को



कहा। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालयों में प्रतिदिन प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों को डेंगू के लक्षण, कारण और रोकथाम के प्रति जागरूक किया जाए। साथ ही विद्यार्थियों को पूरी बाजू के कपड़े पहनकर स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। जन- सहभागिता पर जोर देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि यदि कहीं डेंगू का मरीज मिलता है, तो संबंधित क्षेत्र में त्वरित कार्रवाई के लिए ब्लॉक और जनपद स्तरीय टीमों द्वारा विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने नगर निगम, नगर संस्थान को पाइप लाइनों के लीकेज को तत्काल ठीक करने और क्लोरीनेशन युक्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि होटल, ढाबों, रेस्तरां और रेहड़ी-पटरी वालों के खाद्य पदार्थों की नियमित जांच की जाए ताकि फूड पॉइजनिंग और डायरिया जैसी बीमारियों से बचाव हो सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल ने डेंगू रोधी कार्ययोजना और विभाग द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी दी। आम नष्ट कर दें ताकि उनमें पानी एकत्रित न हो। लक्षण दिखने पर तत्काल अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकों की सलाह लें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, एसीएमओ डॉ. एसपी सिंह, डॉ. डीपी सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार, एआरटीओ पूजा नयाल, अधिशासी अभियंता पेयजल सुनील जोशी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और नगर निकायों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पर्यावरण दिवस पर प्रेस क्लब ने किया पौधारोपण

दिनेशपुर।विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिनेशपुर रजिस्टर्ड प्रेस क्लब सोसाइटी की ओर से गुरुवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान मोक्ष धाम, सब्जी मंडी और तह बाजार क्षेत्र में पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रेस क्लब पदाधिकारी, सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान सोसाइटी के संरक्षक सरोज मंडल ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ता प्रदूषण और लगातार घटते वन क्षेत्र मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बनते जा रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आए और अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए। उन्होंने कहा कि केवल पौधारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। तभी पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य सफल हो सकेगा। इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष रामदुलाल चक्रवर्ती ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और निभाने का अवसर है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का आह्वान किया।कार्यक्रम में महामंत्री दिवेन्दु राय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित सक्सेना, उपाध्यक्ष लाल बहादुर राय, उप सचिव नैनी बढ़ई, ऑडिटर प्रकाश अधिकारी, कोषाध्यक्ष मृत्युंजय सरकार, प्रचार मंत्री कालीपद विश्वास, संगठन मंत्री केशव कुमार तथा सदस्य विपिन बहुगुणा मौजूद रहे। वहीं मीडिया पार्टनर के रूप में गदरपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष जयकिशन अरोड़ा और गदरपुर मीडिया क्लब अध्यक्ष मुकेश पाल ने भीसहभागिता कर अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया।



# दर्जा मंत्री बनने पर महापौर ने रामपाल सिंह का किया स्वागत

रुद्रपुर। उत्तराखण्ड सरकार द्वारा पूर्व मेयर रामपाल सिंह को 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति (राज्य स्तरीय) का उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर महापौर विकास शर्मा ने रामपाल सिंह के आवास पहुंचकर उनका स्वागत किया और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। महापौर ने उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा नए दायित्व के सफल निर्वहन की कामना की। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि रामपाल सिंह नेजनता के बीच उनकी लोकप्रियता, प्रशासनिक अनुभव और विकासोन्मुखी सोच को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक शिक्षित, अनुभवी और जनभावनाओं को समझने वाले व्यक्ति को यह दायित्व देकर यह स्पष्ट संदेश दिया है कि सरकार योग्यता और कार्यक्षमता को प्राथमिकता दे रही है। महापौर ने कहा कि रामपाल सिंह हमेशा



पार्टी के एक समर्पित कार्यकर्ता और कर्मठ सिपाही के रूप में सक्रिय रहे हैं। संगठन द्वारा दिए गए प्रत्येक दायित्व का उन्होंने पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन किया है। चुनावी अभियानों से लेकर जनसंपर्क कार्यक्रमों तक उन्होंने सदैव संगठन हित को सर्वोपरि रखा। आज उन्हें मिला यह सम्मान उनकी वर्षों की मेहनत, निष्ठा और सेवाभाव का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि रामपाल सिंह को यह महत्वपूर्ण दायित्व मिलने से प्रदेश की जनता को भी लाभ मिलेगा। 20 सूत्रीय कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन और निगरानी के माध्यम से गरीब, कमजोर और वंचित वर्गों तक सरकारी योजनाओं का लाभ और अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेगा। इस अवसर पर रामपाल सिंह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश नेतृत्व तथा सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में संचालित विकास और जनकल्याण की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए वह पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही उनकी प्राथमिकता होगी तथा प्रदेश के सर्वांगीण विकास और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए वह निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# पर्यावरण दिवस पर किया वृक्षारोपण

किच्छा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किच्छा स्थित कार्यालय परिसर में साथियों के साथ वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए तथा सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया गया।इस दौरान उपस्थित साथियों को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित रखने का माध्यम ही नहीं हैं, बल्कि



मानव जीवन के आधार भी हैं।कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया इस अवसर पर किशन लाल मौर्य मुन्ना चौबे प्रेमपाल राजा सिंह शारदा प्रसाद रमेश कुमार सुधीर कुमार लाखन सिंह धनंजय सिंह संदीप कुमार तेज सिंह बिष्ट जी आदि लोग उपस्थित थे।

# आईएमपीसीएल का निजीकरण संसाधनों पर कब्जे की साजिश: हरीश रावत

रामनगर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने मोहान स्थित आईएमपीसीएल फैक्ट्री पहुंचकर निजीकरण के मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकार के साथ ही खरीददार कंपनी पर तीखा हमला बोला है। कर्मचारियों के धरने को अपना समर्थन देते हुए उन्होंने कहा कि आईएम पीसीएल एक लाभ कमाने वाली संस्था है, जिसे महज निजी हितों के लिए बेचा जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि आईएमपीसीएल केवल एक औद्योगिक इकाई नहीं, बल्कि कुमाऊं की पहचान और आर्थिक मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने दावा किया कि दो हजार करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति वाली इस कंपनी को खरीदने वाली संस्था केवल एक फ्रंट कंपनी है, जिसके



पीछे बड़े आर्थिक समूहों के हित जुड़े हैं। रावत ने कहा कि यह कंपनी महज साल-डेढ़ साल की मेहमान है, जिसके बाद किसी नए नाम और नई व्यवस्था के जरिए इसे मुनाफा केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।उनका स्पष्ट आरोप है कि खरीददार का उद्देश्य फैक्ट्री चलाना नहीं, बल्कि इसकी कीमती जमीन और संसाधनों पर कब्जा करना है। हरीश रावत ने जोर देकर कहा कि रामनगर, सल्ट, गुजरू और अल्मोड़ा के लिए यह संस्थान रोजगार का सबसे बड़ा आधार है। उन्होंने इसे बचाने के लिए एक व्यापक जन-आंदोलन का आह्वान करते हुए कहा कि यह केवल कर्मचारियों की नहीं, बल्कि पूरे उत्तराखंड के स्वाभिमान और भविष्य की लड़ाई है। आगामी 2027 विधानसभा चुनावों को लेकर रावत ने बड़ा दावा किया कि राज्य में राजनीतिक माहौल बदल रहा है। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा और पौड़ी की हालिया रैलियों में उमड़ी भीड़ और कार्यकर्ताओं का उत्साह यह संकेत दे रहा है कि प्रदेश में कांग्रेस की लहर चलने वाली है। भाजपा पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही भाजपा द्वारा दायित्वों का बंटवारा करना उनकी हार के डर को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी दल को जनता के बदलते मूड का आभास हो चुका है, इसलिए वे पद बांटकर कार्यकर्ताओं को साधने की कोशिश कर रहे हैं।

# जंगल में लकड़ी लेने गए व्यक्ति का शव मिलने से मचा हड़कंप

गदरपुर। गदरपुर के वार्ड नंबर-3 निवासी 58 वर्षीय बिलाल अहमद का शव उत्तर प्रदेश सीमा से लगे पिपलिया जंगल में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामपुर भेज दिया। जानकारी के अनुसार बिलाल अहमद आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से थे और अक्सर जंगल से लकड़ी लेने जाया करते थे। परिजनों के मुताबिक वह दो दिन पहले लकड़ी लेने के लिए पिपलिया जंगल गए थे, लेकिन वापस घर नहीं लौटे। काफी तलाश के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल सका। शुक्रवार को जंगल क्षेत्र में उनका शव मिलने की सूचना मिली, जिसके बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। मृतक अपने पीछे दो पुत्र आसिफ और अनवार को छोड़ गए हैं। पिता की असामयिक मृत्यु से दोनों बेटों समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# साइबर ठगी के 'म्यूल अकाउंट' गिरोह का खुलासा

नानकमत्ता। साइबर अपराधों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने साइबर ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे म्यूल बैंक खातों के एक नेटवर्क का खुलासा किया है। जांच में नानकमत्ता क्षेत्र के दो लोगों सहित चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार साइबर सेल रुद्रपुर से प्राप्त शिकायतों एवं म्यूल अकाउंट संबंधी विवरणों की जांच की गई। जांच के दौरान तीन बैंक खातों के संबंध में प्राप्त शिकायतों का परीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि इन खातों का उपयोग विभिन्न राज्यों में दर्ज साइबर ठगी के मामलों में पीड़ितों से ठगे गए धन को प्राप्त करने के लिए बार-बार किया जा रहा था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों द्वारा लोगों को मोबाइल फोन कॉल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तथा ऑनलाइन एप्लीकेशनों के माध्यम से निवेश पर अधिक रिटर्न्स इसके बाद ठगी की रकम को विभिन्न माध्यमों से निकाल लिया जाता था।जांच के दौरान पता चला कि ज्ञानपुर गौड़ी निवासी सोनू सिंह पुत्र फुम्मन सिंह के बैंक खाते में साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि मंगाई जा रही थी। वहीं धर्मेन्द्र सिंह पुत्र बलवंत सिंह निवासी हरैया, नानकमत्ता द्वारा सोनू सिंह तथा अन्य व्यक्तियों को इस प्रकार की धोखाधड़ी के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराने की भूमिका सामने आई है। इसके अलावा दो अन्य बैंक खातों के धारकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है और उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट हुआ है कि संबंधित बैंक खाते सामान्य बैंकिंग कार्यों के लिए नहीं खोले गए थे, बल्कि साइबर अपराधों से अर्जित धन को प्राप्त करने और उसके लेनदेन के लिए संचालित किए जा रहे थे।

## पेज एक का शेष...

**किसानों की समृद्धि सरकार...**जल स्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार कृषि, सिंचाई और किसान कल्याण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ा रही है। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने के साथ-साथ पॉलीहाउस, वर्षा आधारित कृषि विकास, फल उत्पादन, जैविक खेती और सगंध खेती को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की महक क्रांति नीति के अंतर्गत एरोमा खेती का लगातार विस्तार हो रहा है, जिससे किसानों की आय बढ़ने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के लिए सुरक्षा कवच का कार्य कर रही है। प्राकृतिक आपदाओं और अन्य कारणों से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए यह योजना किसानों को आर्थिक संबल प्रदान कर रही है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि किसान कल्याण से जुड़ी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों तक पहुंचे, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और किसानों को समय पर सहायता मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण नहीं किया गया तो भविष्य में विकास की गति प्रभावित हो सकती है। इसलिए विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाने, मिट्टी का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने और खेती के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने जंगली जानवरों से फसलों को होने वाले नुकसान का भी उल्लेख करते हुए कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में यह एक बड़ी समस्या बन चुकी है। इसके समाधान के लिए तारबाड़ योजना और अन्य प्रभावी उपायों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, ताकि किसानों की मेहनत और फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इससे पूर्व जैसे ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, पूरा पंडाल उत्साह और जोश से भर उठा। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल "धामी जी जिंदाबाद", "धाकड़ धामी" और "फिर एक बार धामी सरकार" के नारों से गूंज उठा। बड़ी संख्या में मौजूद किसानों, महिलाओं और युवाओं ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने भी लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए सरकार की विकास योजनाओं और किसान हितैषी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

**तराई भावर के साथ ...** कल्याण और अर्द्धसैनिक कल्याण बोर्ड के गठन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए थे और भविष्य में भी सैनिकों के हितों के प्रति पार्टी प्रतिबद्ध रहेगी। अल्मोड़ा में आयोजित कांग्रेस की जनसभा का उल्लेख करते हुए हरीश रावत ने कहा कि यह रैली ऐतिहासिक रही। खराब मौसम के कारण नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कार्यक्रम में भौतिक रूप से नहीं पहुंच सके, लेकिन उन्होंने वर्चुअल संबोधन के माध्यम से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरने का काम किया। रावत ने कहा कि अल्मोड़ा में दिखाई दिया जोश और उत्साह अब गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा और यही ऊर्जा आगामी चुनावों में कांग्रेस की ताकत बनेगी। नजूल भूमि के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में नाममात्र शुल्क पर लोगों को मालिकाना हक देने की ऐतिहासिक पहल की थी। वर्ग-4 की भूमि पर भी मालिकाना हक देने का निर्णय किसानों और आम लोगों के हित में लिया गया था, लेकिन भाजपा सरकार ने पिछले कई वर्षों में इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि नजूल भूमि के मामले में भाजपा सरकार ने जनता को गुमराह किया है और सैकड़ों फाइलें आज भी लंबित पड़ी हैं। हरीश रावत ने कहा कि तराई-भाबर क्षेत्र के साथ अन्याय हुआ है और कांग्रेस इस मुद्दे को जनता के बीच प्रमुखता से उठाएगी। उन्होंने विधानसभा में बंगाली समाज को लेकर की गई कुछ टिप्पणियों की भी निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा सभी वर्गों और समुदायों को साथ लेकर चलने में विश्वास करती है। श्रमिकों की समस्याओं पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सिडकुल क्षेत्र में श्रमिकों का शोषण बढ़ा है। भाजपा सरकार किसानों के बाद अब मजदूरों के हितों की भी अनदेखी कर रही है। कांग्रेस श्रमिकों और किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी। इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व मंत्री तिलकराज बेहड़ ने भी भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नजूल नीति को लेकर सरकार जनता को भ्रमित कर रही है। यदि हरीश रावत सरकार की नजूल नीति को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए तो हजारों परिवारों को इसका लाभ मिल सकता है। उन्होंने अल्मोड़ा रैली को लेकर भाजपा नेताओं की टिप्पणियों पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा को दूसरों पर टिप्पणी करने से पहले अपने कार्यों का मूल्यांकन करना चाहिए। बेहड़ ने जनगणना प्रक्रिया पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि वास्तविक स्थिति को छिपाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि कच्चे मकानों को पक्का और बुनियादी सुविधाओं के अभाव वाले घरों को सुविधायुक्त दिखाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके पास इसके प्रमाण भी मौजूद हैं। पत्रकार वार्ता में विधायक तिलकराज बेहड़, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, महानगर अध्यक्ष ममता रानी, हरीश रावतरा, साजिद खान, मोहन खेड़ा, चंदन नयाल, त्रिनाथ विश्वास, सतीश राजपूत, बाबू विश्वकर्मा, ममता हाल्दार, किशोर कुमार, ललित बिष्ट, संजय ठुकराल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**अमेजन गोदाम में ...**तथा कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाने में सफलता हासिल की। आग बुझने के बाद गोदाम के भीतर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान वहां कार्यरत दो कर्मचारियों के शव बरामद हुए। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों कर्मचारी आग की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गए थे तथा अत्यधिक धुआं भर जाने के कारण उनका दम घुट गया, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान 35 वर्षीय नरेंद्र प्रसाद पुत्र सदी राम निवासी बागजाला, गोलापार तथा 25 वर्षीय अमित आर्य पुत्र प्रताप राम निवासी रामपुर रोड, हल्द्वानी के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। परिजनों और स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि शॉर्ट सर्किट सहित अन्य संभावित कारणों की भी जांच की जा रही है। गोदाम में सुरक्षा मानकों और अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी पड़ताल की जाएगी। प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि हादसे के प्रत्येक पहलू की गंभीरता से जांच की जाएगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस दर्दनाक घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है और लोगों ने मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

**खटीमा में लोगों से ...**एवं अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि उत्तराखंड के युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं, जो पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। जनसुनवाई और सम्मान समारोह के उपरांत मुख्यमंत्री अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद अल्मोड़ा के लिए रवाना हो गए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, विधायक शिव अरोरा, मेयर दीपक बाली, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, नानकमत्ता के प्रेम सिंह टूरना, दर्जा मंत्री हेमंत द्विवेदी, फरजाना बेगम, मोहिनी पोखरिया, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश भट्ट, महामंत्री रमेश जोशी, विवेक सक्सेना, अमित कुमार पांडे, रनदीप पोखरिया, नवीन पांडे, भवानी भंडारी, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, चम्पावत के जिलाधिकारी मनीष कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्रा, उप जिलाधिकारी गौरव पांडे सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

**पुलिस लाईन में खड़े...**पहुंचा। दमकल कर्मियों ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए आग पर पानी की बौछार शुरू की और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। अग्निशमन अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों और दमकल विभाग के कर्मचारियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए कई वाहनों को आग की चपेट में आने से बचा लिया। जवानों ने जोखिम उठाकर वाहनों को घटनास्थल से हटाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। हालांकि आग की चपेट में आकर दर्जनों वाहन जलकर राख हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ये वाहन लंबे समय से पुलिस लाइन में खड़े जब्त वाहन थे। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। अधिकारियों का कहना है कि आग पूरी तरह बुझने के बाद नुकसान का विस्तृत आकलन किया जाएगा तथा आग लगने के कारणों की जांच कराई जाएगी। पुलिस और दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से आग को और फैलने से रोक लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

**एक और मजार पर ...**में नगर निगम, सिंचाई विभाग और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई कर उक्त स्थान को अवैध कब्जे से मुक्त कर दिया। उन्होंने बताया कि उक्त कार्रवाई के दौरान उस स्थान पर किसी भी तरह के कोई अवशेष आदि नहीं मिले। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि राज्य सरकार का निर्देश है कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की नियत से बनी ऐसी संरचनाओं को हर हाल में हटाया जाएगा। बेहतर तो यही है वो स्वयं अतिक्रमण को हटा लें।

**युवाओं को सनातन...**पदमा अवस्थी प्रांत अध्यक्ष राष्ट्रीय महिला परिषद, बहन सावित्री चंद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, ईश्वरी प्रसाद राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, रोशन रावत प्रांत महामंत्री राष्ट्रीय बजरंग दल उत्तराखंड, करण सिंह कुमाऊं संभाग महामंत्री अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद उत्तराखंड, मदन मोहन शर्मा जिला अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद उधम सिंह नगर, संजय सक्सेना जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल उधम सिंह नगर समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com, www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सिस्टम की पेचीदगियों में 'उलझी' पीएम राहत योजना

## उत्तराखंड वासियों को नहीं मिल पा रहा पीएम राहत योजना का पूरा लाभ, लागू होने से अब तक राज्य में केवल 29 लोगों को ही मिल पाया है योजना का लाभ

-अर्श-

देहरादून, उत्तराखंड में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं शासन प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। यद्यपि, सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाए जाने को लेकर प्रदेश के परिवहन विभाग की ओर से लगातार उपाय किए जा रहे हैं ,बावजूद इसके सड़क दुर्घटनाओं और उससे होने वाला मौतों का आंकड़ा साल दर साल बढ़ता जा रहा है। ऐसे में भारत सरकार द्वारा सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को तत्काल उपचार कराए जाने को लेकर आरंभ की गई पीएम राहत योजना, जिसका उद्देश्य सड़क हादसों के घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में निशुल्क इलाज का लाभ देना था, उत्तराखंड में सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों के लिए एक बड़ी सौगात साबित हो सकती थी, लेकिन सिस्टम की सुस्ती एवं क्रियान्वयन की कतिपय पेचीदगियों के चलते उपरोक्त योजना का लाभ उत्तराखंड में मात्र 29 लोगों को ही मिल पाया है। जबकि, इस योजना के शुरू होने के बाद से अब तक सैकड़ों लोग सड़क हादसे में घायल हो चुके हैं। उत्तराखंड के संदर्भ में उपरोक्त योजना के आंकड़ों पर दृष्टिपात करें तो योजना के लागू होने के बाद उत्तराखंड में करीब 400 सड़क दुर्घटनाएं हुई है, जिसमें




करीब 250 लोगों की मौत और 450 लोग घायल हुए हैं। बावजूद इसके उत्तराखंड में इस योजना के लागू होने के बाद यानी 13 फरवरी से 3 जून 2026 तक मात्र 29 लोग ही इस योजना का लाभ उठा पाए हैं। योजना का लाभ पाने वाले सौभाग्यशाली घायलों में से 13 देहरादून,10 चमोली, 4 उधम सिंह नगर तथा एक- एक नैनीताल एवं उत्तरकाशी जिले से हैं। हैरानी की बात तो यह है कि जिन 29 लोगों को सड़क दुर्घटना के बाद जिन नजदीकी अस्पतालों में चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हुई है, उन अस्पतालों को अभी तक कोई भी भुगतान नहीं हो पाया है। हासिल जानकारी के मुताबिक सभी 29 घायलों के इलाज में खर्च कुल 8,11,189 रुपए का बिल अस्पतालों की ओर से तैयार कर उत्तराखंड राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर भेजा गया है, लेकिन अभी तक किसी भी अस्पताल को भुगतान नहीं हो पाया है। ज्ञात हो कि पीएम राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना में पीड़ितों को अधिकतम 1.5 लाख रुपए का कैशलेस इलाज 7 दिनों तक, जबकि कुछ मामलों में 24 घंटे तक स्टेबलाइजेशन केयर और जीवन-घातक स्थिति में 48 घंटे तक के उपचार व्यवस्था है। खास बात तो यह है कि घायलों के अस्पतालों में इलाज के बाद खर्च का भुगतान मोटर व्हीकल एक्सीडेंट फंड, बीमा योगदान या फिर सरकार के बजट से किए जाने की व्यवस्था की गई है फिर भी अस्पतालों का समय से भुगतान न हो पाने के कारण यह योजना अपने अस्तित्व में आने की तिथि 13 फरवरी 2026 से अब तक उत्तराखंड में आशा अनुरूप आकर नहीं ले पाई है।

# सीएमओ ने लिया पीलिया प्रभावित क्षेत्रों का जायजा

सितारगंज (उद संवाददाता)। नयागांव और आसपास के क्षेत्रों में वायरल हेपेटाइटिस (पीलिया) के संदिग्ध मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल ने प्रभावित क्षेत्रों का सघन स्थलीय निरीक्षण किया और मौके पर तैनात स्वास्थ्य टीमों को स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए कड़े दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने स्वास्थ्य टीमों को घर-घर जाकर सर्वे कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने निर्देश दिए कि



पीलिया, बुखार और पेट दर्द जैसे लक्षणों वाले मरीजों की तत्काल पहचान कर उनकी त्वरित जांच सुनिश्चित की जाए। बीमारी का प्राथमिक स्रोत दूषित पानी होने की आशंका के मद्देनजर उन्होंने स्थानीय प्रशासन के सहयोग से ग्रामीणों को स्वच्छ एवं उबला हुआ पानी पीने की सलाह दी। साथ ही, सार्वजनिक जल स्रोतों में क्लोरिनेशन की प्रक्रिया को और तेज करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की रैपिड रिस्पॉन्स टीम (आरआरटी) द्वारा पहले ही क्षेत्र के सार्वजनिक पेयजल स्रोतों, हैंडपंपों और प्रभावित परिवारों के घरों से पानी के नमूने एकत्रित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जा चुके हैं। सीएमओ डॉ. अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि आमजन के स्वास्थ्य से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा और स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। दौरे के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुलदीप यादव और आईडीएसपी टीम के डॉ. संतोष कुमार पांडेय भी मौजूद रहे।





Guru Maa Enterprises

RUDRAPUR - 9927882338, KASHIPUR- Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555, HALDWANI - Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, Punjab Electronics - 9837040878, GEE AAR Elc- 9719077772, Hitesh Electricals- 9897894211, Bunty Mobile- 7500000266, SAMBHAL - Aiaza Mart- 9837254639, GADARPUR - Gurunanak Enterprises, 9927850999, KICHHA - Deepak Eletronics 7017575920, ALMORA - Gupta Electronics 7895887544, LALKUAN - New Radhe Radhe 8923493000, PITHORAGHRH - Shiva Enterprises 9760633187, KOTDWAR - Shree Keshav Electronics- 9205867411, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.


# हरीश रावत का कांग्रेसियों ने किया जोरदार स्वागत

रूद्रपुर। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के रूद्रपुर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन करते हुए प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों और संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हरीश रावत ने मिशन 2027 की तैयारियों में अभी से जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आगामी विधानसभा चुनावों के लिए जमीनी स्तर पर मजबूत संगठन तैयार करना होगा। इसके लिए बूथ स्तर तक पार्टी को सक्रिय करने और आम जनता के बीच लगातार संवाद बनाए रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझें और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, किसानों और व्यापारियों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाएं। उन्होंने कहा कि जनता बदलाव चाहती है और कांग्रेस को उस विश्वास पर खरा उतरने के लिए संगठित प्रयास करने होंगे। हरीश रावत ने कहा कि कांग्रेस हमेशा आम लोगों की



आवाज उठाने वाली पार्टी रही है। प्रदेश के विकास, युवाओं के रोजगार, किसानों के हितों और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर कांग्रेस लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे आपसी समन्वय और एकजुटता के साथ पार्टी को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने भरोसा जताया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के सहयोग से आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, महानगर अध्यक्ष ममता रानी, चंदन नयाल, त्रिनाथ विश्वास, सतीश राजपूत, बाबू विश्वकर्मा, ममता हाल्दार, किशोर कुमार, ललित बिष्ट, संजय ठुकराल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किच्छा विद्युत वितरण खंड को मिला नया एसडीओ

किच्छा। विद्युत वितरण खंड किच्छा में लंबे समय से रिक्त पड़े उपखंड अधिकारी (एसडीओ) के पद पर आखिरकार नई तैनाती हो गई है। विभाग में ललित मोहन आर्य ने एसडीओ के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उनके पदभार संभालने पर देवभूमि व्यापार मंडल सहित नगर के व्यापारियों ने उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। पिछले लगभग एक माह से एसडीओ का पद रिक्त होने के कारण विद्युत विभाग के कई कार्य प्रभावित हो रहे थे। उपभोक्ताओं से जुड़े विभिन्न मामलों के निस्तारण में भी देरी हो रही थी, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में नए एसडीओ की तैनाती से विभागीय कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद एसडीओ ललित मोहन आर्य ने कहा कि विद्युत वितरण खंड के लंबित कार्यों की समीक्षा कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उपभोक्ताओं की समस्याओं



के समाधान और विभागीय कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। साथ ही लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कर व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। नवनियुक्त एसडीओ के स्वागत अवसर पर देवभूमि व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विजय अरोरा, नगर महामंत्री नितिन फुटेला, सुमित तनेजा, डॉ. पीयूष टंडन, शाहिद अंसारी सहित अनेक व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने नए एसडीओ का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा क्षेत्र की विद्युत व्यवस्थाओं में सुधार की अपेक्षा व्यक्त की।

# किच्छा पालिका की डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण निविदा पर लगी रोक

नैनीताल/किच्छा। किच्छा नगर पालिका क्षेत्र में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण के लिए जारी की गई निविदा प्रक्रिया पर उत्तराखंड हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी है। न्यायालय ने तकनीकी बोलियां खोलने की प्रक्रिया फिलहाल स्थगित करते हुए नगर पालिका से जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई आगामी सप्ताह में होगी। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष दायर याचिका में निविदा की पात्रता शर्तों को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि निविदा में केवल उन्हीं कंपनियों को पात्र माना गया है, जिन्हें दो लाख या उससे अधिक आबादी वाले क्षेत्रों में कार्य करने का अनुभव हो। याचिका में तर्क दिया गया कि किच्छा नगर पालिका की आबादी लगभग एक लाख के आसपास है, ऐसे में दो लाख से अधिक आबादी वाले क्षेत्रों के अनुभव की अनिवार्यता स्थानीय एवं अन्य सक्षम एजेंसियों की भागीदारी को सीमित करती है और प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करती है। सुनवाई के दौरान यह भी बताया गया कि इसी प्रकार की शर्तों को लेकर पूर्व में भी आपत्ति जताई जा चुकी है। इसके बावजूद नई निविदा में भी वही शर्त शामिल कर दी गई। इस पर न्यायालय ने नगर पालिका से पूछा कि जब पहले भी इस शर्त पर सवाल उठ चुके हैं तो इसे दोबारा निविदा का हिस्सा क्यों बनाया गया।